केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

फाईल सं0- सीईए/एसवाई/27-27/1/2020-राजभाषा /10 दिनांक- 11.09.2024

परिपत्र

विषयः केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में "हिंदी पखवाड़ा, 2024" का आयोजन।

केविप्रा मुख्यालय में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 14 सितंबर 2024 से 29 सितम्बर, 2024 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 03 जुलाई, 2024 के अर्धशासकीय पत्र के माध्यम से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस वर्ष हिंदी दिवस का समारोह एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाना है, तथा अन्य आयोजन दिनांक 16.09.2024 के बाद अपने-अपने मुख्यालय में किए जाने हैं । तदनुसार, हिंदी पखवाड़ा, 2024 के दौरान केविप्रा मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे - हिंदी कार्यशाला, हिंदी प्रतियोगिताओं - हिंदी निबंध लेखन, हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन, एमटीएस के लिए हिंदी अनुच्छेद लेखन, हिंदी भाषा/साहित्य संबंधी सामान्य ज्ञान, अधिकारियों के लिए हिंदी वाद-विवाद, काव्य पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पुरस्कार वितरण समारोह इत्यादि प्रमुख हैं |

केविप्रा के सभी प्रभाग/अनुभाग प्रमुखों /अधिकारियों/ कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि कृपया आप अपने प्रभाग/अनुभाग के सभी कार्मिकों सहित उपर्युक्त समारोह तथा पुरस्कार वितरण समारोह के दिन आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफ़ल बनाएँ | आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों का पूर्ण विवरण आयोजक समिति के निर्णय के पश्चात् जारी किया जाएगा |

11/9/24

(ऊषा वर्मा)
उप निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

केविप्रा कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी ।

18-ए ,शहीदजीतसिंहमार्ग, एन.आर.पी.सी. बिल्डिंग, कटवारियासराय,नईदिल्ली -110016 ईमेल:rajbhashacea@gmail.comवेबसाइट:www.cea.nic.in
18-A,Saheedjeet Singh Marg,N R P C Building,Katwaria Sarai, New Delhi-110016 Telefax: 011-26510183 Email:rajbhashacea@gmail.com Website: www.cea.nic.in